1	2
5. गोवा	28
6. गुजरात	294
7. हरियाणा	120
8. हिमाचल प्रदेश	50
9. जम्मू और कश्मीर	56
10. कर्नाटक	239
11. केरल	171
12. मध्य प्रदेश	220
13. महाराष्ट्र	553
14. मणिपुर	10
15. मेघालय	16
16. मिजोरम	10
17. नागालैण्ड	14
18. उड़ीसा	85
19. पंजाब	168
20. राजस्थान	168
21. सिक्किम	2
22. तमिलनाडु	309
23. त्रिपुरा	11
24. उत्तर प्रदेश	453
25. पश्चिम बंगाल	228
संघ राज्य क्षेत्र	
1. अण्डमान और निकोबार	1
2. चण्डीगढ़	26
3. दादरा और नागर हवेली	1
4. दिल्ली	222
5. दमन	2
6. लक्षद्वीप	1
7. पांडिचेरी	5
8. दीव	0

राज्य	बिक्री/उपभोग (मी० टनों में)
1	2
तमिलनाडु	221010
त्रिपुरा	2899
उत्तर प्रदेश	289729
पश्चिम बंगाल	135571
केन्द्र प्रशासित क्षेत्र	
अण्डमान एवं निकोबार	457
चण्डीगढ़	14897
दादरा एवं नागर हवेली	491
दिल्ली	220498
दमन	501
लक्षद्वीप	0
पांडिचेरी	6458

तेल की खोज करने के लिए निविदाएं

1471. **श्री राधा किशन मालवीय** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विभिन्न इलाकों में तेल की खोज के लिए वर्ष 1991-92 के दौरान निविदाएं आमंत्रित की थीं ;

(ख) यदि हां, तो निविदाएं भेजने वाली विदेशी और भारतीय कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं;

(ग) जिन कम्पनियों को तेल की खोज का कार्य सौंपा गया है उनका कम्पनीवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सभी ब्लाक आवंटित कर दिए गए हैं; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री : **(श्री वी० शंकरानन्द)** : (क) जी हां।

(ख) दस भारतीय कम्पनियों तथा इक्कीस विदेशी कम्पनियों ने चौथे दौर के अन्तर्गत बोलियां प्रस्तुत की हैं। इन कम्पनियों के नाम संलग्न विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ग) सरकार ने निम्नलिखित चार ब्लाकों के लिए करार को देने का अनुमोदन दिया है:—

कंपनी का नाम	राज्य का नाम जिसमें ब्लाक दिया गया है
1. अनाडर्को कार्पो, लक्की गोल्डस्टार और क्यूंग इन कं० को एनर्जी मिलाकर संघ।	राजस्थान
2. आर्क इंटरनेशनल और टाटा इंडस्ट्रीज को मिला कर संघ	बम्बई अपतट
3. हिन्दुस्तान आयल एक्स-प्लोरेशन कं० और मफत लाल इंडस्ट्रीज को मिला कर संघ	महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश
4. एलबियन इटरनेशनल रिसोर्स इंक हिन्दुस्तान आयल एक्सप्लोरेशन कं० कोम्प्लेक्स रिसोसिस और ओवरसीज आयल एक्सप्लोरेशन कारपोरेशन को मिलाकर संघ	कृष्णा गोदावरी अपतट

(घ) जी नहीं।

(ङ) अन्य ब्लाकों के संबंध में विचार विमर्श करने के पश्चात ठेकों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

विवरण

तेल की अन्वेषण संबंधी निविदाएं

10 भारतीय कंपनियां ये हैं :—

1. हीरालाल एल० शाह
2. अनिवासी भारतीयों का दल
3. रुपसा पेट्रोलियम लि०
4. ट्रांस ऐशिया कंसल्टेंटस प्रा० लि०
5. राजलक्ष्मी मि० लि०
6. आर्या आफशोर सर्विस प्रा० लि०
7. मफतलाल इंडस्ट्रीज
8. जिंबल ड्रिलिंग एण्ड इंडस्ट्रीज
9. हिन्दुस्तान आयल एक्सप्लोरेशन कं०
10. टाटा इंडस्ट्रीज लि०

21. विदेशी कंपनियां ये हैं :—

1. बेकर एण्ड टेयलर ड्रिलिंग कं०
2. आयल इंटरनेशनल लि०
3. पान एनर्जी रिसोर्स इंक
4. कोम्प्लेक्स रिसोर्स इंक
5. पान पेसिफिक पेट्रोलियम एन एल
6. इंड्स आयल
7. इं० कारपो०
8. आयलेक्स इंटरनेशनल इंक
9. साबा इंक
10. टोटल सी एफ पी
11. शामा जोई लि०
12. गैस एण्ड आयल मैनेजमेंट इंक
13. डिस्कवरी इंटरनेशनल इंक
14. एल्बीओन इंटरक्नेशनल रिसोर्स इंक
15. ओवरसीज आयल एक्सप्लोरेशन कं०
16. शैल एक्सप्लोरेशन
17. एमोको इंडिया पेट्रो० कं०
18. एनाडारको पेट्रो० कार०
19. लक्की गोल्डस्टार इंटरनेशनल कारपो०
20. क्यूंग एन एनर्जी कं०
21. आरको इंडिया इंक

उत्तर प्रदेश में एल०पी०जी० एजेन्सियों का बंद होना

1472. श्री हरमोहन सिंह : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में० एल० पी० जी० की कितनी एजेन्सियां बंद हुई हैं ;

(ख) इसके क्या कारण हैं और कितनी एजेन्सियों को अपना व्यवसाय पुनः आरंभ करने की अनुमति दी गई; और